15 जनवरी 2024

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
moneywise. be wise.

प्रमुख खबरें

- कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अनुमान है कि 2023-24 सीजन (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) कपास की घरेलू खपत 311 लाख गांठ (प्रत्येक 170 किलोग्राम) होगी।
- भारत की प्राथमिक मिलों ने जनवरी की शुरुआत से मध्य तक डिलीवरी के लिए बेंचमार्क हॉट रोल्ड कॉइल और कोल्ड रोल्ड कॉइल की कीमतें 500 प्रति टन और 1,000 प्रति टन के बीच बढ़ा दी हैं। बढ़ोतरी तीन-पांच प्रतिशत तक है ।
- 2023 में चीन के तांबा आयात में 6.3% की गिरावट हुई क्योंकि घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण आयात लागत बढ़ गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय अनाज परिषद ने 2023/24 में वैश्विक स्तर पर मकई उत्पादन के लिए अपना पूर्वानुमान बढ़ा दिया, जो मुख्य रूप से चीन में उत्पादन में बढ़ोतरी के कारण किया है। अंतर-सरकारी निकाय ने अपने मासिक अपडेट में वैश्विक स्तर पर मकई फसल का पूर्वानुमान 7 मिलियन मीट्रिक टन बढ़ाकर 1.230 बिलियन टन कर दिया।
- सीमा शुल्क के सामान्य प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार चीन ने वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में 11% की बढ़ोतरी के साथ 563.99 मिलियन मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया है, जो 11.28 मिलियन बैरल प्रति दिन के बराबर है। यह 2020 में 10.81 मिलियन बैरल/दिन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।
- उद्योग समूह यूनिका ने कहा कि दिसंबर की दूसरी छमाही में ब्राजील के चीनी केंद्र-दक्षिण में चीनी उत्पादन साल-दर-साल 35% बढ़ा है क्योंकि मिलों ने शुष्क मौसम के तहत पेराई सत्र बढ़ा दिया।
- राष्ट्रीय मौसम सेवा के जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने कहा है कि अलनीनो के कई महीनों तक जारी रहने की उम्मीद है, और 73% संभावना है कि यह अप्रैल और जून के बीच पीछे हट जाएगा।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05.01.24	11.01.24	बदलाव (%)
मक्का	2156.00	2254.00	4.55%
बाजरा	2263.00	2324.00	2.70%
ग्वारगम	10210.00	10430.00	2.15%
ग्वारसीड	5308.00	5395.00	1.64%

MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05.01.24	11.01.24	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	236.50	265.50	12.26%
मेंथा ऑयल	923.50	924.80	0.14%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05.01.24	11.01.24	बदलाव (%)
जीरा	33090.00	31195.00	-5.73%
हल्दी	13434.00	13056.00	-2.81%
कैस्टरसीड	5686.00	5566.00	-2.11%
कॉटनऑयलसीडकेक	2727.00	2670.00	-2.09%
धनिया	6990.00	6860.00	-1.86%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	05.01.24	11.01.24	बदलाव (%)
कच्चा तेल	6128.00	6006.00	-1.99%
निकल	1408.50	1390.00	-1.31%
सोना एम	62627.00	61830.00	-1.27%
सोना	62557.00	61788.00	-1.23%
एल्युमीनियम	205.45	203.10	-1.14%

साप्ताहिक समीक्षा

सीआरबी इंडेक्स में थोड़ी रिकवरी हुई और 265 के करीब बंद हुआ। पिछले सप्ताह में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद डॉलर सूचकांक एक दायरे के भीतर रहा। डॉलर स्थिर रहा क्योंकि निवेशकों ने बाजार के अनुमान के मुकाबले अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति को उम्मीद से अधिक माना, जिससे फेडरल रिजर्व मार्च में दरों में कटौती करेगा। दिसंबर में अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि हुई क्योंकि किराए में बढ़ोतरी का रुझान बरकरार रहा, जो महीने के लिए 0.3% अधिक और वार्षिक स्तर पर 3.4% बढ़ गया, जबकि रॉयटर्स पोल में अर्थशास्त्रियों ने क्रमशः 0.2% लाभ और 3.2% वृद्धि का अनुमान लगाया था। सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह 62000 से ऊपर बंद होने में कामयाब रही। चांदी ने सोने की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया, जिससे इसकी गिरावट का रुझान लगातार तीसरे सप्ताह जारी रहा। कच्चे तेल में न्यूनतम वृद्धि के साथ मजबूती दर्ज की गई, जबकि नेचुरल गैस वायदा ने जोरदार वृद्धि के साथ सप्ताह का समापन किया। औसत मांग के बावजूद कच्चे तेल में मामूली तेजी दर्ज की गई क्योंकि पिछले साल के अंत से लाल सागर में नौवहन पर ईरान समर्थित समूह द्वारा किए गए हमलों के जवाब में संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हौथी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। लाल सागर में हौथी हमलों ने यूरोप और एशिया के बीच प्रमुख जलमार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य को बाधित कर दिया है, जो दुनिया के शिपिंग यातायात का लगभग 15% है। शिपिंग दिग्गज मेर्स्क ने गुरुवार को कहा कि वह निकट भविष्य के लिए सभी जहाजों को लाल सागर से दूर ले जाएगा, और ग्राहकों को आगे व्यवधानों की चेतावनी दी जाएगी। ईरान द्वारा गुरुवार को तुर्की को भेजे गए इराकी कच्चे तेल से भरे एक टैंकर को जब्त करने के बाद अमेरिका के नेतृत्व में हमले हुए हैं, जो पिछले साल संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा उसी जहाज और उसके तेल को जब्त करने के प्रतिशोध में था। सटोरियों की शॉर्ट पोजिशन को कवर करने के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन मुनाफा वसूली के कारण कीमतें वृद्धि को बनाए रखने में विफल रही। मिली-जुली खबरों के कारण बेस मेटल की कीमतें सीमित दायरे में रही। चीन में अंतिम उपयोगकर्ताओं ने जनवरी में तांबे की खपत को कम कर दिया है, जो परंपरागत रूप से कमजोर मांग अवधि है, और कम स्टॉक के बीच हाजिर बाजार में तांबा खरीदने का प्रीमियम अधिक बना हुआ है।

कृषि कमोडिटीज में मंदी वाला सप्ताह रहा। विशेष रूप से मसालों में जीरा की कीमतों में लगातार गिरावट का सामना करना पड़ा। आपूर्ति में वृद्धि हुई क्योंकि स्टॉकिस्टों ने बंपर फसल की संभावनाओं के मद्देनजर अपने सौदे कम कर दिए जिससे मासिक आवक में वृद्धि हुई। वर्ष 2024-25 में उत्पादन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल उत्पादन में वर्ष-दर-वर्ष 30% की वृद्धि होने की उम्मीद है। हल्दी की कीमतें 13000 के स्तर से नीचे आ गई। धनिया वायदा की कीमतों में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट हुई और कीमतें 7000 के नीचे बंद हुई। अंतिम स्टॉक अधिक होने और मिलों एवं स्टॉकिस्टों की ओर से सुस्त खरीदारी के कारण बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा। नई फसल मार्च में शुरू होने की संभावना है जिससे खरीदार थोक खरीदारी से दूर रहेंगे। कमजोर व्यापार के कारण कॉटनऑयलसीडकेक वायदा में सात सप्ताह से अधिक की गिरावट देखी गई और यह 3000 के स्तर से गिरकर 2670 पर आ गया। अरंडी तेल की निर्यात मांग में कमी के बीच मांग संबंधी चिंताओं के कारण अरंडी की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट हुई और यह 5600 के आसपास बंद हुई। लेकिन कम उत्पादन अनुमान के ग्वार की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2022-23 में ग्वारसीड के उत्पादन में साल-दर-साल 11% -13% की गिरावट हुई है, जिससे मिलों के पास भंडार काफी कम हो गया है। कपास में गिरावट का दौर जारी है जो कई हफ्तों से जारी है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के अनुसार, 2023-24 सीजन में कपास का उत्पादन लगभग 8 प्रतिशत घटकर 294.10 लाख गांठ रह सकता है।

कमोडिटी

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	05.01.2024	11.01.2024	बदलाव(%)
जौ	जयपुर	2,083.75	2,075.00	-0.42%
चना	दिल्ली	5850.00	5940.80	1.55%
धनिया	कोटा	7460.40	7409.10	-0.69%
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	775.45	783.40	1.03%
गुड़	मुजफ्फरपुर	1437.25	1421.05	-1.13%
ग्वारसीड	जोधपुर	5342.50	5410.45	1.27%
ग्वारगम	जोधपुर	10395.15	10645.70	2.41%
जीरा	ऊंझा	32742.20	31469.80	-3.89%
सरसों	जयपुर	5603.35	5658.45	0.98%
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	892.50	922.50	3.36%
सोयाबीन	इंदौर	4871.70	4933.10	1.26%
हल्दी	निजामाबाद	13060.75	12919.30	-1.08%
गेहूं	दिल्ली	2608.95	2743.65	5.16%
कॉटन	कड़ी	26628.25	26508.70	-0.45%
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2735.95	2710.25	-0.94%

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	05.01.2024	11.01.2024	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2273.50	2235.00	-1.69%
तांबा	LME	नकद	8463.00	8355.00	-1.28%
लेड	LME	नकद	2076.00	2095.50	0.94%
निकल	LME	नकद	16372.00	16420.00	0.29%
जिंक	LME	नकद	2562.50	2502.50	-2.34%
सोना	COMEX	फरवरी	2049.80	2019.20	-1.49%
चांदी	COMEX	मार्च	23.32	22.71	-2.62%
लाइट क्रूड	NYMEX	फरवरी	73.81	72.02	-2.43%
नेचुरल गैस	NYMEX	फरवरी	2.89	3.10	7.05%

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	05.01.2024	11.01.2024	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	मार्च	12.56	12.37	-1.55%
सोया तेल	CBOT	मार्च	47.63	48.72	2.29%
कॉटन	ICE	मार्च	80.19	81.36	1.46%
सीपीओ	BMD	मार्च	3,682.00	3,794.00	3.04%

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	04.01.2024 क्वांटिटी	11.01.2024 क्वांटिटी	अंतर
कॉटन	मी.टन	16091	16067	-24
बाजरा	मी.टन	573	543	-30
मक्का	मी.टन	0	0	0
कैस्टर सीड	मी.टन	5142	5386	244
धनिया	मी.टन	7164	6249	-915
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	17152	17787	635
ग्वारगम	मी.टन	26054	25725	-329
ग्वारसीड	मी.टन	24643	25862	1219
जीरा	मी.टन	527	528	1
मक्का	मी.टन	0	0	0
स्टील लॉन्ग	मी.टन	707	707	0
हल्दी	मी.टन	1770	1770	0

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	05.01.2024 क्वांटिटी	11.01.2024 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	1039	1014	-26
तांबा	मी.टन	3908744	3737258	-171486
सोना	किग्रा	361	361	0
सोना मिनी	किग्रा	2456	2456	0
सोना गिनी	किग्रा	329000	319100	-9900
लेड	किग्रा	0	0	0
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	99791	114092	14301
चांदी एम	किग्रा	39128	39128	0
जिंक	मी.टन	0	0	0

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 05.01.2024	स्टॉक की स्थिति 11.01.2024	अंतर
एल्युमीनियम	569100	560575	-8525.00
तांबा	161725	157325	-4400.00
निकल	64896	68610	3714.00
लेड	126400	121150	-5250.00
जिंक	218375	213675	-4700.00

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	मार्च	26505.00	10.10.23	मंदी	58000.00	-	31650.00	61700.00
NCDEX	हल्दी	अप्रैल	13056.00	20.09.23	मंदी	15000.00	-	13450.00	13500.00
NCDEX	ग्वारसीड	फरवरी	5454.00	04.01.24	मंदी	5380.00	-	5640.00	5650.00
NCDEX	कैस्टरसीड	फरवरी	5624.00	14.09.23	मंदी	6300.00	-	5950.00	6000.00
NCDEX	सुरजमुखी तेल	फरवरी	949.60	03.01.24	तेजी	820.00	805.00	-	800.00
NCDEX	स्टील लांग	फरवरी	43860.00	27.09.23	मंदी	46300.00	-	44690.00	44750.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	फरवरी	2699.00	14.12.23	मंदी	2800.00	-	2840.00	2850.00
MCX	मेंथा ऑयल	जनवरी	924.80	27.09.23	मंदी	930.00	-	958.00	960.00
MCX	बुलडेक्स	जनवरी	16004.00	10.10.23	तेजी	15000.00	15840.00	-	15800.00
MCX	चांदी	मार्च	71354.00	10.10.23	तेजी	69000.00	69050.00	-	69000.00
MCX	सोना	फरवरी	61788.00	10.10.23	तेजी	57500.00	61050.00	-	61000.00
MCX	तांबा	जनवरी	717.00	02.01.24	मंदी	731.00	-	737.00	738.00
MCX	लेड	जनवरी	182.55	28.11.23	साइडवेज	187.00	175.00	188.00	-
MCX	जिंक	जनवरी	223.35	02.01.24	मंदी	231.00	-	234.00	235.00
MCX	एल्युमिनियम	जनवरी	203.10	02.01.24	मंदी	210.00	-	213.50	214.00
MCX	कच्चा तेल	फरवरी	6035.00	01.11.23	मंदी	6800.00	-	6370.00	6400.00
MCX	नेचुरल गैस	जनवरी	265.50	03.01.24	तेजी	220.00	224.00	-	222.00

*11/01/2024 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम साप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस साप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

तांबा (जनवरी) एमसीएक्स

तांबा (जनवरी) एमसीएक्स **उच्चस्तर: 740.20** **निचला स्तर: 698.00**

एमसीएक्स में तांबा (जनवरी) कॉन्ट्रैक्ट 11 जनवरी 2024 को 717.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 723.58 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 42.14 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

700.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 740.00 रू के टारगेट के लिए 715.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

हल्दी (अप्रैल) एनसीडीईएक्स

हल्दी (अप्रैल) एनसीडीईएक्स **उच्च स्तर: 15364.00** **निचला स्तर: 12150.00**

एनसीडीईएक्स में हल्दी (अप्रैल) कॉन्ट्रैक्ट 11 जनवरी 2024 को 13056.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 13354.088 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 32.505 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

13650.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 12000.00 रू के टारगेट के लिए 13100.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

नेचुरल गैस (जनवरी) एमसीएक्स

नेचुरल गैस (जनवरी) एमसीएक्स **उच्चस्तर: 238.00** **निचला स्तर: 186.90**

एमसीएक्स में नेचुरल गैस (जनवरी) कॉन्ट्रैक्ट 11 जनवरी 2024 को 265.50 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 234.87 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 62.848 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

230.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 290.00 रू के टारगेट के लिए 250.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ने से हल्दी की कीमतों में गिरावट जारी रही। मांग कम बनी हुई है क्योंकि आने वाले हफ्तों में नई फसल शुरू होने के मद्देनजर अधिकांश मिलें थोक खरीद से बच रही हैं। खरीदारों के इस सतर्क रुख से कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है। हल्दी के निर्यात के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं है, और पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में निर्यात में कमी हुई है। कथित तौर पर निर्यात पूछताछ निराशाजनक है, जो संभवत: अंतरराष्ट्रीय बाजार में चुनौतियों या अन्य उत्पादक देशों के साथ प्रतिस्पर्धा का संकेत दे रही है। भारत ने अक्टूबर-23 में लगभग 10.13 हजार टन हल्दी का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.17 हजार टन निर्यात हुआ था। हल्दी के तहत कम उत्पादन क्षेत्र के कारण चालू वर्ष (2023-24) के 10.45 लाख टन के उत्पादन की तुलना में कुल उत्पादन कम रहने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में रकबा कम हो गया जिससे उत्पादन में कम से कम 8%-10% गिरावट आएगी। मिलों की ओर से मांग कम होने के साथ ही मौजूदा दरों पर निर्यात मांग भी कम हो गई है। मौजूदा गिरावट के बावजूद, कमजोर उत्पादन संभावनाओं और कम कैरी फॉरवर्ड स्टॉक के कारण गिरावट सीमित रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हल्दी (अप्रैल) की कीमतों के 12300-13800 के दायरे में रहने की संभावना है।

आगामी सीजन के लिए फसल की बेहतर संभावनाओं के कारण जीरा वायदा की कीमतें गिरावट जारी रही। इससे पता चलता है कि बंपर फसल की उम्मीद के कारण कारोबारी सक्रिय रूप से अपनी पोजीशन बेच रहे हैं, जिससे आपूर्ति में वृद्धि हो रही है। आगे बंपर फसल की संभावनाओं के मद्देनजर स्टॉकिस्टों ने अपने सौदे कम कर दिए, जिससे मासिक आवक में वृद्धि हुई। वर्ष 2024-25 में उत्पादन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण कुल उत्पादन में साल-दर-साल 30% की वृद्धि होने की उम्मीद है। लेकिन कीमतों में गिरावट सीमित होने की संभावना है क्योंकि जीरा की कीमतें मौजूदा दर के कारण प्रतिस्पर्धी हो गई हैं जिससे दिसंबर 23 में निर्यात की गति में वृद्धि हुई है। जीरा के निर्यात में बढ़ोतरी होने से कभी भी शॉर्ट कवरिंग देखने को मिल सकती है जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं लेकिन मुख्य रुझान कमजोर रहने की संभावना है । जीरा की कीमतें 21280-33400 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में फसल की स्थिति में सुधार और अनुकूल मौसम के कारण आपूर्ति में बढ़ोतरी के कारण धनिया की कीमतों में गिरावट जारी रही। इस कारण स्टॉकिस्ट बिकवाली कर रहे हैं, और मौजूदा गिरावट में योगदान दे रहे हैं। लेकिन आगामी सीजन में कमजोर उत्पादन संभावनाओं के कारण धनिया में गिरावट सीमित रहने की संभावना है। वर्ष 2023 में बुआई गतिविधियाँ पिछले वर्ष की तुलना में धीमी रही हैं क्योंकि वर्ष 2024 में अब तक धनिया के तहत कुल बुआई क्षेत्र में 33% की कमी आई है। मजबूत निर्यात मांग से कीमतों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। भारत ने पिछले साल के 2.2 हजार टन के मुकाबले अक्टूबर-23 में लगभग 3.9 हजार टन धनिया का निर्यात किया, जबकि अप्रैल-23-अक्टूबर-23 के दौरान कुल निर्यात 70. 12 हजार टन दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल 271% अधिक है। धनिया की कीमतों के 7300-8200 00 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

अन्य कमोडिटीज

निर्यात में कमी के कारण कपास की कीमतों में गिरावट हुई । सूत की धीमी मांग और कताई मिलों के कम होते लाभ मार्जिन के कारण कपास की समग्र मांग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। फसल कटाई की गतिविधियाँ अपने अंतिम चरण में पहुँच गई हैं और 10 जनवरी, 24 तक लगभग 107.3 लाख गांठ की आवक हो चुकी हैं, जबकि जनवरी, 23 में 115 लाख गांठ की आवक हुई थीं। आवक की गति अब तक पिछले वर्ष के समान ही रही है, लेकिन वर्ष 2023-24 में कमजोर उत्पादन अनुमान के कारण धीमी होने की संभावना है। कपास का रकबा कम होने के कारण बाजार वर्ष 2023-24 में कपास उत्पादन में साल-दर-साल 2% की गिरावट आने की संभावना है। बुवाई की प्रगति के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण कपास का रकबा पिछले वर्ष के 129.27 लाख हेक्टेयर की तुलना में वर्ष 2023-24 में घटकर 123.8 लाख हेक्टेयर रह गया। वर्ष 2023-24 में कपास का उत्पादन पिछले 15 वर्षों में सबसे कम होने का अनुमान है जो आपूर्ति की कमी के रूप में प्रतिबिंबित होगा। भारतीय कपास निगम ने अब तक लगभग 2.14 लाख गांठों की खरीद की है और आने वाले हफ्तों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है जिससे कीमतों में मजबूती आने की संभावना है। एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 54500-58000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-24) वायदा की कीमतों में 1500-1600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

कपास के कम उत्पादन अनुमान के कारण आपूर्ति में गिरावट के मद्देनजर कॉटनऑयलसीडकेक की कीमतों में तेजी की उम्मीद है। कॉटनसीडऑयलकेक की कीमतों के 2600-2850 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में आपूर्ति कम होने से ग्वारसीड वायदा कीमतों में मिला-जुला कारोबार होने की संभावना है। हाल ही में कीमतों में गिरावट के साथ आवक में कमी दर्ज की गई है और इस मंदी से मिलर्स को मौजूदा दरों पर खरीद के लिए प्रोत्साहित होने की संभावना है, जो बेहतर क्रश मार्जिन द्वारा समर्थित है। जिससे मिल मालिकों को मौजूदा दरों पर खरीदारी करने के लिए बढ़ावा मिलेगा क्योंकि ग्वारमील की कीमतों में वृद्धि के साथ पेराई मार्जिन में सुधार हुआ है। ग्वारमील की बढ़ती मौसमी मांग से आने वाले हफ्तों में ग्वारसीड की पेराई मांग अधिक रहने की संभावना है। भारत ने अक्टूबर-23 में पिछले वर्ष के 9 हजार टन की तुलना में लगभग 16.9 हजार टन ग्वारमील का निर्यात किया है, जो साल-दर-साल 87% अधिक है। वर्ष 2023-24 में ग्वारसीड का कुल उत्पादन साल-दर-साल 11% -13% कम हो गया है। उत्पादन में इस कमी के परिणामस्वरूप मिल मालिकों के पास भंडार का स्तर कम हो गया है। ग्वारगम के निर्यात में बढ़ोतरी की रिपोर्ट से कीमतों को सपोर्ट मिलने की संभावना है। भारत ने पिछले वर्ष के 21.5 हजार टन के मुकाबले लगभग 23 हजार टन ग्वारगम का निर्यात किया। ग्वारसीड की कीमतों को 5200 के करीब सपोर्ट मिलने की संभावना है जबकि रेजिस्टेंस 5800 पर देखा जा सकता है। इसी तरह, ग्वारगम की कीमतों को 10000 पर सपोर्ट रहने की संभावना है जबकि रेजिस्टेंस 11000 पर देखा जा सकता है।

घरेलू बाजार में खरीदारी बढ़ने से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है। वर्ष 2023 में उत्पादन में गिरावट के साथ आपूर्ति में गिरावट हुई है और इससे आगे कीमतों की तेजी को मदद मिल सकती है। लेकिन मेंथा ऑयल का सुस्त निर्यात अभी भी निर्यातकों के लिए बड़ी चिंता का विषय है, जिससे बढ़त सीमित रह सकती है। भारत ने अप्रैल 23-अक्टूबर 23 के दौरान लगभग 7.3 हजार टन मेन्थॉल का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष के 8.6 हजार टन की तुलना में यह साल-दर-साल 15% कम है। मेंथा ऑयल वायदा की कीमतों को 900 के करीब सपोर्ट मिलने की संभावना है और 960 पर रेजिस्टेंस रह सकता है।

बाजार में आपूर्ति कम होने के कारण अरंडी की कीमतों में बढोतरी होने की संभावना है। आवक कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में और वृद्धि की उम्मीद में अपना स्टॉक जारी करने में अनिच्छुक हैं। भारत ने अप्रैल 23-अक्टूबर 23 के दौरान लगभग 213 हजार टन अरंडी का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 189 हजार टन निर्यात हुआ था। अरंडी वायदा की कीमतों के 5400-6000 के दायरे में रहने की संभावना है।

सर्राफा

सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई, जो अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से जल्द ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने के कारण व्यापारियों के सेंटीमेंट में बदलाव के कारण हुई। नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर के लिए अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में 3.4% वार्षिक और 0.3% की मासिक वृद्धि हुई है, जो क्रमश: 3.2% और 0.2% के पहले के पूर्वानुमानों से अधिक है। क्लीवलैंड फेड के अध्यक्ष लोरेटा मेस्टर ने व्यक्त किया कि उच्च उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि दर में कटौती पर विचार करना जल्दबाजी होगी, जबकि रिचमंड फेड के अध्यक्ष थॉमस बार्किन ने कहा कि आंकड़ा मुद्रास्फीति की दिशा को लेकर सीमित स्पष्टता प्रदान करता है। मार्केटवॉच के अनुसार, अमेरिका में मुख्य मुद्रास्फीति, खाद्य और ऊर्जा की अस्थिर कीमतों को छोड़कर, नवंबर में 4% से थोड़ा कम होकर दिसंबर में 3.9% हो गई, जो कि 3.8% वृद्धि की उम्मीदों से अधिक है। मुख्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी 0.3% की वृद्धि के साथ अपेक्षाओं से अधिक रहा। इसके बावजूद, वित्तीय बाजार अभी भी फेडरल रिजर्व द्वारा मार्च में ब्याज दर में कटौती शुरू करने की लगभग 70% संभावना व्यक्त कर रहा हैं, जबकि पहले अनुमान 90% का था। मध्य पूर्व में बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की कीमतों में कुछ रिकवरी हुई , जहां अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन में हौथी विद्रोहियों के ठिकानों पर एक दर्जन से अधिक हमले किए। संघर्ष में अचानक वृद्धि ने सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने की मांग बढ़ी है। कॉमेक्स पर सोने की कीमतों के 1990-2060 डॉलर के बीच कारोबार करने की संभावना है, जबकि चांदी की कीमतें 21.900 और 23.400 डॉलर के बीच कारोबार कर सकती है। एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 61000 और 62900 के बीच रहने की उम्मीद है, जो दोनों दिशाओं में उतार-चढ़ाव दर्ज कर सकती है। इसी तरह चांदी की कीमतें भी आगामी सप्ताह के दौरान 70000-73900 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतों में एक सप्ताह तक बिकवाली दर्ज की गई, लेकिन यमन में हौथी सैन्य ठिकानों के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटिश हवाई हमलों के बाद पिछले दो दिनों में रिकवरी हुई। ये हमले पिछले साल के अंत से लाल सागर में नौवहन पर ईरान समर्थित समूह के हमलों के जवाब में थे। यह मध्य पूर्व में इजराइल-हमास संघर्ष में वृद्धि का प्रतीक है। यमन में प्रत्यक्षदर्शियों ने देश भर में विस्फोटों की सूचना दी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि लक्षित हमलों ने एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि अमेरिका और उसके सहयोगी कर्मियों पर हमले या नेविगेशन की स्वतंत्रता के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड ने ऑपरेशन का समर्थन किया। लाल सागर में हौथी हमलों ने यूरोप और एशिया के बीच महत्वपूर्ण मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य को बाधित कर दिया है, जो वैश्विक शिपिंग यातायात का लगभग 15% है। इस सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतों में अधिक अस्थिरता रहने की उम्मीद है, और कीमतों को 5900 के करीब सपोर्ट और 6200 के करीब रेजिस्टेंस रह सकता है। इस बीच, ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार गैस भंडार में से 140 बीसीएफ के अनुमान से अधिक की निकासी की रिपोर्ट के बाद नेचुरल गैस की कीमतों में लगातार दूसरी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। लेकिन कीमतों में बढ़त थोड़ी कम हो गई क्योंकि 16-20 जनवरी तक अमेरिका के पूर्वी हिस्से और मध्य भाग के लिए मौसम का पूर्वानुमान गर्म हो गया। नेचुरल गैस की हीटिंग मांग को बढ़ावा देने के लिए सामान्य से कम अमेरिकी तापमान की संभावना के कारण कीमतें 2 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। नेटगैसवेदर का अनुमान है कि आर्कटिक वायु द्रव्यमान इस सप्ताहांत और अगले सप्ताह पूरे अमेरिका में आक्रामक रूप से आगे बढ़ेगा, जिससे अमेरिका के उत्तरी भाग और टेक्सास सहित दक्षिण में ठंडा मौसम आएगा। आने वाले सप्ताह में, नेचुरल गैस की कीमतों में निचले स्तरों से खरीदारी जारी रह सकती है, जहां 245 के करीब सपोर्ट और 290 के करीब प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।

बेस मेटल

डॉलर के कमजोर होने से बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती हैं क्योंकि निवेशकों ने बाजार के अनुमान के मुकाबले अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति को उम्मीद से अधिक माना है जिससे फेडरल रिजर्व मार्च के बाद दरों में कटौती करेगा। युआन को समर्थन देने का चीन के कदम, जो दुनिया के शीर्ष धातु उपभोक्ता में खरीदारों की क्रय शक्ति को बढ़ाता है, से भी काउंटर को समर्थन मिल सकता है। चीन के केंद्रीय बैंक ने नवंबर के बाद से अनुमान के सबसे बड़े अंतर के कारण अपनी दैनिक संदर्भ दर निर्धारित करके युआन की हाल ही में दर्ज कमजोरी को कम कर दिया। लेकिन शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में फैक्ट्री-गेट की कीमतों में लंबे समय तक गिरावट जारी रही, जिससे एक ठोस सुधार के लिए संघर्ष कर रही अर्थव्यवस्था में लगातार अपस्फीति का दबाव उजागर हो गया, जिससे धातुओं की मांग की संभावनाएं धूमिल हो गई। तांबें की कीमतें 710-730 के दायरे में कारोबार कर सकती है। सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में चीन के तांबा आयात में 6.3% की गिरावट हुई है क्योंकि घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है और मजबूत अमेरिकी डॉलर ने आयात लागत बढ़ा दी। जिंक की कीमतें 218-236 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। चीन में घरेलू रिफाइंड जिंक उत्पादन दिसंबर के 590,900 मीट्रिक टन के आंकड़े से जनवरी 2024 में घटकर 572,400 मीट्रिक टन होने का अनुमान है। लेड की कीमतें 179-187 के दायरे में कारोबार कर सकती है। घरेलू मूल्य निर्धारण एजेंसी एसएमएम के अनुसार, चीन का द्वितीयक या पुनर्नवीनीकृत लेड उत्पादन, जो कुल उत्पादन का आधा हिस्सा है, दिसंबर में घटकर 342,000 टन रह गया, जो पिछले महीने से 23% कम है। एल्युमीनियम की कीमतें 198-210 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। जनवरी से मार्च तक जापानी खरीदारों को एल्युमीनियम शिपमेंट के लिए प्रीमियम 90 डॉलर प्रति मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जो पिछली तिमाही से 7% कम है, क्योंकि मांग सुस्त रही। स्टील लॉन्ग (फरवरी) वायदा की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 42900-44500 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

रबी फसलों की बुआई सामान्य क्षेत्र से अधिक

05 जनवरी, 2024 को कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा रबी सीजन की कुल बुआई 654.89 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई, जो पिछले साल के 663.07 लाख हेक्टेयर से लगभग 1.23 प्रतिशत कम है। लेकिन तिलहन और मोटे अनाज जैसी उच्च प्राथमिकता वाली फसलों की बुआई की गति बरकरार रही और उनका रकबा पिछले वर्ष के बोए गए क्षेत्रों से अधिक हो गया, लेकिन गिरावट मुख्य रूप से लोकप्रिय रबी फसलों, गेहूं और दालों में दर्ज की गई है, जिससे रकबे में समग्र गिरावट हुई है। रबी की मुख्य फसल गेहूं का रकबा लगभग 331.70 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो पिछले साल से 0.19 लाख हेक्टेयर कम है।

उत्तर प्रदेश में गेहूं का बुआई क्षेत्र 4.27 लाख हेक्टेयर से हो गया है। लेकिन, राजस्थान में 1.16 लाख हेक्टेयर, मध्य प्रदेश में 0.66 लाख हेक्टेयर और महाराष्ट्र में गेहूं के रकबे में 2.02 लाख हेक्टेयर की गिरावट दर्ज की गई है। बिहार, गुजरात, हरियाणा और कर्नाटक में भी गेहूं के रकबे में गिरावट दर्ज की गई है। देर से बुआई की जाने वाली किस्मों के गेहूं की बुआई जनवरी के पहले सप्ताह तक चलेगी। कुछ राज्य जनवरी के अंत तक बुआई क्षेत्र की रिपोर्ट देते हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि दालों की बुआई पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत कम हुई है। दलहन का कुल रकबा 148.18 लाख हेक्टेयर है, जबकि पिछले रबी सीजन में यह 156.15 लाख हेक्टेयर था। दलहन के कम रकबे का कारण धान सहित खरीफ फसलों की देर से कटाई और फसल विविधीकरण को भी माना जा सकता है।

मोटे अनाजों का बुआई क्षेत्र 49.82 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो पिछले रबी सीजन से 1.5 लाख हेक्टेयर अधिक है। ज्वार का रकबा पिछले साल के 21.52 लाख हेक्टेयर से 2.2 प्रतिशत बढ़कर 22 लाख हेक्टेयर और मक्के का रकबा 18.76 लाख हेक्टेयर से 1.2 प्रतिशत बढ़कर 18.99 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है। जौ की बुआई भी लगभग 1 प्रतिशत बढ़कर 7.40 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 8.09 लाख हेक्टेयर हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में, सरकार खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए तिलहन, दालों और बाजरा की ओर फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे रही है। तिलहनों में, विशेषकर रेपसीड और सरसों में, सामान्य से अधिक रकबा पहले ही हासिल कर लिया गया है।

26-30 नवंबर के दौरान राजस्थान के पूर्वी हिस्सों, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र, बिहार के उत्तर पश्चिमी हिस्से, महाराष्ट्र के कर्नाटक के करीब के इलाकों में मिट्टी की नमी पिछले 8 वर्षों के औसत से कम थी। लेकिन, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में मिट्टी की नमी में पिछले सप्ताह से सुधार देखा गया।

रबी बुआई 2023-24 (लाख हेक्टेयर में)				
फसल	सामान्य रबी क्षेत्रफल	2023-24	2022-23	अंतर
गेहूं	307.32	331.70	331.89	-0.19
चावल	52.50	17.98	20.02	-2.04
दलहन	152.74	148.18	156.15	-7.97
चना	100.92	100.12	107.65	-7.53
मसूर	14.37	19.09	18.20	0.89
उड़द	8.81	5.20	6.15	-0.95
मोटे अनाज	51.32	49.82	48.31	1.50
ज्वार	25.23	22.00	21.52	0.48
मक्का	20.41	18.99	18.76	0.23
तिलहन	84.45	107.21	106.71	0.50
सरसों	73.06	98.86	96.71	2.15
मूंगफली	6.94	3.73	4.62	-0.89
कुल फसलें	648.33	654.89	663.07	-8.18

स्रोतः कृषि मंत्रालय, भारत सरकार

इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा के कारण बुआई क्षेत्रों में गिरावट हुई है, जिससे 2023-24 में समग्र खाद्यान्न उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है। कम वर्षा के कारण मिट्टी में नमी की कमी हो गई और सर्दियों की फसलों के लिए जलाशयों में पानी का भंडारण कम हो गया। सरकार ने इस साल गेहूं उत्पादन का लक्ष्य 114 मिलियन टन रखा है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित हैं। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।